राजनीति • केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ राजद ने किया प्रदर्शन

केंद्र सरकार जनता का विश्वास और राज्य सरकार हनक खो चुकी है : मंटू

भास्कर न्यूज| जमालपुर

राफेल विमान सौदा घोटाला, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस की कीमतों में हो रही बेतहाशा वृद्धि, भ्रष्टाचार एवं बिहार सहित देश के अधिकांश राज्यों में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार व दुराचार सहित कई अन्य मुद्दों पर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ राजद कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त हुंकार भरी। राष्ट्रीय जनता दल जमालपुर नगर इकाई के तत्वाधान में गुरुवार को एक विरोध मार्च निकाला गया। राजद नगर अध्यक्ष मंटू यादव ने विरोध मार्च की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव कन्हैया सिंह ने संचालन किया।

जुबली वेल स्थित राजद कार्यालय से निकल कर अवंतिका मोड़, सदर बाजार, बराट मोड़, स्टेशन चौक होते हुए राजद कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन जुबली वेल चौराहा पहुंचा। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। "बेरोजगार युवाओं का शोषण करना बंद करो", "पूंजीपतियों के सरकार होश में आओ", "महिलाओं पर अत्याचार करना बंद करो", "पेट्रोल-डीजल-गैस की कीमतों हो रही बढ़ोतरी पर रोक लगाओ" जैसे नारों से जुबली वेल चौराहा गुंजायमान हो उठा। आक्रोशित राजद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। पुतला दहन के उपरांत जुबली वेल चौराहा पर एक सभा को संबोधित करते हुए राजद नगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिलायंस कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए अपनी निजी विमान कंपनी को बिठाकर ले गए। एचएएल के स्थान पर प्राइवेट कंपनी रिलायंस को राफेल का कॉन्ट्रैक्ट दिलाकर सरकारी कंपनी को नुकसान पहुंचाया है।

सरकार के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरी

पुतला दहन करते राजद कार्यकर्ता

राफेल सौदे में 6000 करोड़ का घोटाला करने वाले देश के चौकीदार की पोल जनता के सामने खुल गई है। यह साबित हो गया है कि राफेल घोटाले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संलिप्तता है। जिला महासचिव कन्हैया सिंह, नगर महासचिव अजीत कुमार एवं उपाध्यक्ष गुलाब झा ने कहा कि देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है मगर प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के कानो पर जू तक नहीं रेंगती। नागेश्वर प्रसाद यादव, गोरेलाल सिंह, जुल्फिकार अंसारी, राजेश मंडल ने कहा कि पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है। जिससे आम जनता त्राहिमाम कर रही है।

प्रतिमा चौरसिया बृजमोहन तांती दीप नारायण ठाकुर मो राजू प्रिंस यादव नरेश यादव राजीव ठाकुर एवं निरंजन कुमार ने कहा कि बिहार में आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार एवं दुराचार की घटना घट रही है जिसे रोक पाने में वर्तमान सरकार विफल साबित हो रही है। उपमुख्यमंत्री अपराधियों के आगे घुटने टेक चुके हैं। यही कारण है कि बिहार में जितनिया पर्व के दिन गंगा स्नान करने गई एक बती को अपराधियों ने अपने हवस का शिकार बनाया। राजद के नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि एक ओर जहां देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है, वहीं बिहार में नीतीश सरकार ने भी अपना इस्तकबाल खो दिया है।

जमालपुर से बिना गार्ड बवस्ता के चली डेमो

जमालपुर | रेलवे बोर्ड के आदेश के आधार पर गुरुवार को जमालपुर से खुलने वाली सभी डेमो पैसेंजर ट्रेनों को बिना गार्ड बवस्ता के रवाना किया गया। जानकारी देते हुए सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि डेमू पैसेंजर ट्रेन में गार्ड के कैब में लगे बॉक्स में गार्ड के इस्तेमाल लाई जाने वाली उपकरणों व्यवस्थित होती है। गार्ड को उनके निजी सामानों को ले जाने के लिए उन्हें एक ट्रॉली बैग रेलवे द्वारा दी गई है।

सुपरवाइजर की मीटिंग कल

जमालपुर | रेल इंजन कारखाना जमालपुर में शनिवार को सुपरवाइजर की बैठक की जाएगी। जानकारी देते हुए सहायक कल्याण पदाधिकारी सह जनसंपर्क अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि सभी विभागों के सुपरवाइजर के साथ मुख्य कारखाना प्रबंधक अरविंद कुमार पांडेय बैठक करते हुए कार्यों की समीक्षा करेंगे।

बच्चों की गणितीय क्षमता की हुई जांच

भास्कर न्यूज| धरहरा

प्रखंड के औड़ाबगीचा पंचायत भवन के प्रांगण में गुरुवार को आई सक्षम संस्था की ओर से बाल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने चेतना गीत गाकर किया। मौके पर संस्था की प्रशिक्षक कृष्णा और सोनम कुमारी ने कहा कि संस्था जिले में गुणात्मक शिक्षा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों तक पहुंचा रही है। बाल उत्सव कार्यक्रम में बच्चे की लेखनीय क्षमता, इंग्लिश शब्दकोष और डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से गणितीय क्षमता का जांच किया गया। इस अवसर पर आई सक्षम की फेलो कृष्णा, काजल, शबनम, किरण, बंटी, मनीष, तनुज, अमर, स्वेता, बबलू, गोल्डन, विपिन, कैफ़ी, संजय, वकील,धर्मवीर, प्रीतम, दिव्या, प्रिंस सहित सैकड़ों बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।



गणितीय क्षमता जांच में मौजूद बच्चे।

इंसेफेलाइटिस से दस वर्षीय अनुष्का की पटना में मौत

- सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर अनदेखी करने का आरोप

भास्कर न्यूज| जमालपुर

इंसेफेलाइटिस बुखार से पीड़ित मुंगेर जिले के सफियासराय निवासी कुंदन तांती की 10 वर्षीय भांजी अनुष्का की गुरुवार को पटना के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिली।

पैसे के अभाव में भी उसका इलाज नहीं हो सका। अनुष्का विगत कई दिनों से पटना के ज्योति जीवन अस्पताल में भर्ती थी। मगर पैसा के अभाव में उसका समुचित इलाज नहीं हो पाया। उनके मामा कुंदन तांती लगातार लोगों से सहायता के लिए गुहार लगा रहे थे। मगर, कुछेक जमालपुर के स्थानीय लोगों के अलावा ना तो जिला प्रशासन की ओर से कोई कदम उठाया गया और ना ही राज्य सरकार ने इंसेफेलाइटिस से ग्रसित अनुष्का को बचाने की दिशा में कोई कदम उठाया। अनुष्का ने गुरुवार दोपहर 2:00 बजे पटना के ज्योति जीवन अस्पताल में अंतिम सांसे ली। कुंदन तांती ने बताया कि यदि राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग समय रहते अनुष्का को समुचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराती, तो उसे बचाया जा सकता था।

त्योहारों के मौसम में जमालपुर की सड़कों को दुरुस्त की हुई कवायद

जिंदल इंफ्रास्ट्रक्चर को सड़क निर्माण कराने का जारी करें आदेश

भास्कर न्यूज| जमालपुर

त्योहारों का मौसम आते ही सड़कों पर उमड़ती भीड़ को देखते हुए जमालपुर की जर्जर सड़कों को दुरुस्त कराने को लेकर नगर परिषद प्रशासन ने स्वतः संज्ञान लिया है। पीएचइडी विभाग के निर्देश पर जिंदल आईटीएफ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी द्वारा पेयजल आपूर्ति को लेकर पाइप लाइन बिछाने के क्रम में सड़कों का तोड़ के जर्जर बना दिए जाने के मामले में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखते हुए कहा है कि जमालपुर नगर परिषद के पाइपलाइन जलापूर्ति योजना लोक स्वास्थ्य प्रमंडल मुंगेर को 29 करोड़ 5 लाख 54 हजार 670 रुपए उपलब्ध कराई गई है।

जमालपुर में पाइपलाइन बिछाने के दौरान जर्जर हुई सड़क।

पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के कार्यान्वयन को लेकर पाइप बिछाने के क्रम में काटी गई सड़कों को इकरारनामा के अनुसार मरम्मती कर पूर्ववत स्थिति में लाने की बात कही गई थी। किंतु अब तक सड़कों की मरम्मती का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिससे जर्जर सड़क होने की वजह से आए दिन कोई ना कोई सड़क दुर्घटना होती रहती है।

जिंदल कंपनी मरम्मत करने में कर रही आनाकानी

जमालपुर नगर परिषद के पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के अंतर्गत जमालपुर के विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के क्रम में विगत 2 वर्ष पूर्व सड़क काटी गई थी। पाइप लाइन बिछाने के बाद भी जिंदल कंपनी द्वारा काटी गई सड़क को अब तक मरम्मत नहीं किया गया है। जिससे सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इन सड़कों पर अक्सर कोई ना कोई हादसा होते ही रहता है। बावजूद, काटी गई सड़क के मरम्मतीकरण को लेकर जिंदल कम्पनी कोई कदम उठा रही है और न ही पीएचईडी विभाग ही इसपर कोई आदेश जारी कर रहा है।

जिसने काटी सड़क उसे ही बनवाना है

जमालपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ ने कहा कि दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए पीएचइडी विभाग से संवेदक जिंदल आईटीएफ वाटर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी को उनके द्वारा काटी गई सड़कों के मरम्मतीकरण के लिए समुचित आदेश जारी करने की मांग की है।

भाजपा नगर युवा मोर्चा के अध्यक्ष बनाए गए सूरज

भास्कर न्यूज| जमालपुर

शहर के चारोबारीतल्ला दुर्गा स्थान में गुरूवार को नगर युवा भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लाल मोहन गुप्ता ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नगर युवा मोर्चा कमेटी की गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सूरज कुमार, उपाध्यक्ष राकेश यादव, अभिषेक आनंद, मयंक राज, संतोष राज जबकि महामंत्री प्रभाकर, मंत्री आलोक कुमार, मीडिया प्रभारी करण कुमार सहित अनेक सदस्य मनोनीत किए गए। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष बबलू पासवान, प्रवक्ता दीपक यादव, ज्योति सैनी, अमरेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

रंगदारी मांगने वालों से सुरक्षा की लगाई गुहार

मुंगेर | वासुदेवपुर ओपी क्षेत्र निवासी नरेश मोहन झा ने डीआईजी, एसपी व अन्य अधिकारियों को आवेदन देकर रंगदारों से सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन में बताया कि 29 सितम्बर की रात करीब 9 बजे चार मोटर साइकिल पर आठ की संख्या में अपराधी उनके घर पर आकर दरवाजा पीटते हुए एक लाख रुपया रंगदारी की मांग करने लगे। पत्नी द्वारा हो हल्ला मचाने पर सभी भाग गए। इसकी शिकायत डीआईजी से किए जाने पर वासुदेवपुर ओपी प्रभारी सर्वजीत कुमार द्वारा इस मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी नजर

भास्कर न्यूज| जमालपुर

दुर्गापूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर ईस्ट कॉलोनी थाना में गुरूवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष अंबिका प्रसाद ने की। थानाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए दुर्गा पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि मेला में गड़बड़ी फैलाने वाले असामाजिक तत्व पर नजर रखने के लिए चौक-चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। दुर्गा पूजा शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हो सके इसके लिए पुलिस की ओर से शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाएगा। जिसकी सहायता से असामाजिक तत्वों की पहचान की जा सकेगी। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ ने कहा कि दुर्गा पूजा में शहर की साफ- सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करा दी जाएगी। शहर के बंद पड़े स्ट्रीट लाईट को ठीक करवा दिया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद आलोक कुमार, राजू पासवान,अमित कुमार पासवान,छोटू बाबा, बासुदेवपुरी, डॉ.राजेंद्र प्रसाद, रामवृक्ष तांती, मनीष कुमार, बलबिंदर सिंह, चंदन मंडल, राजेश कुमार, सुरेश चौरसिया, अशोक चौरसिया, नरेश तांती, सहित अनेक शहरवासी मौजूद थे।

इस्टकालोनी थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

विज्ञान प्रदर्शनी मेला में भैया बहनों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

विज्ञान प्रदर्शनी मेला में बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां

भास्कर न्यूज| जमालपुर

सरस्वती विद्या मंदिर दौलतपुर के तत्वाधान में गुरुवार को विज्ञान मेला आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य धनंजय शर्मा ने विज्ञान प्रदर्शनी मेला की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सरस्वती विद्या मंदिर पुरानीगंज के प्रधानाचार्य नीरज कौशिक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बच्चन सिंह एवं सचिव सुधीर कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर विज्ञान मेला का उद्घाटन किया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में विद्यालय के भैया बहनों ने अलग-अलग तरह के प्रदर्शन दिखाएं। जिसमें गणित, भौतिकी, जीव विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण से संबंधित कलाकृतियां बच्चों ने प्रस्तुत किए। कुछ बच्चे पर्यावरण संरक्षण विषय को केंद्रित करते हुए अपनी कलाकृति बनाई, कुछ ने जलवायु परिवर्तन से मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाया। कुछ बच्चों ने सौर ऊर्जा की महत्ता को अपना विषय चुना था। बेहतर कलाकृति के माध्यम से अतिथियों एवं विद्यालय के आचार्यों को अपने विषय से संतुष्ट करने वाले छात्रों को चयनित कर उन्हें प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पाणिनि, पंकज, राजीव एवं विभिन्न झा मौजूद थे।

दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

बरियारपुर | बरियारपुर पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मुंगेर जेल भेज दिया है। बरियारपुर थानाध्यक्ष राज रतन ने बताया कि थाना का वारंटी घोरघट निवासी सुफेन्द्र पासवान व सत्तो पासवान को गिरफ्तार किया गया है।

संकल्प दिवस के रूप में लोहिया की पुण्यतिथि मनाएगी सपा

Scanned by CamScanner